पंजीकृत संख्या (34T/C)

मोबाईल :9818792230, 9654573545

दि० आदर्श को० ऑप० अर्बन थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट सोसायटी लि०

29/1, शिव कॉम्प्लेक्स, भोला नाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली–110 032

प्रिय सदस्यों,

आपको सूचित करते हुए हमे हर्ष हो रहा है कि दि आदर्श को0 ऑपरेटिव अर्बन थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट सोसायटी लि0 की साधारण वार्षिक सभा दिनांक 10–10–2026 दिन शनिवार को प्रात: 12.00 PM बजे गीता भवन, भोला नाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली–32 में होनी निश्चित हुई है।

यदि उपरोक्त तिथि को निर्धारित समय में एक घण्टा अर्थात 1.00 PM बजे तक आवश्यक उपस्थिति पूर्ण न हो सकी तो सभा स्थगित कर दी जायेगी और सभा आधे घण्टे पश्चात् अर्थात 01.30PM बजे उसी दिन एवं उसी स्थान व उसी कार्यक्रम पर विचार करने के लिए होगी। स्थगित बैठक आवश्यक उपस्थिति पूरी न होने की दशा में भी वैध मानी जायेगी।

यदि कोई सदस्य विचारणीय विषय 9 के आधीन अपना प्रस्ताव या सुझाव पेश करना चाहे तो उसकी एक प्रति सोसायटी को कार्यालय में 09–09–2026 तक भेज दें। उसके बाद कोई प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रस्ताव पेश करने की अनुमति देना या न देना अध्यक्ष जी के आधीन होगा।

सभी सदस्यों का ध्यान हम इस ओर आकर्षित कराना चाहते है कि हमेशा की तरह इस वर्ष भी माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तिथि 10–10–2026 दिन शनिवार सांय निश्चित की गई है। इस बार भण्डारा 11–10–2026 दिन रविवार को गीता भवन, भोलानाथ, शाहदरा, दिल्ली–110 032 मे होगा।

अत: आपसे प्रार्थना है कि दिनांक 10–10–2026 को निश्चित समय दोपहर 12:00बजे साधारण वार्षिक सभा में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करें। और दिनाँक 10–10–2026 को रात्रि 7:00 PM बजे माता की चौकी में भाग लेकर धर्म लाभ उठायें व भण्डारा का प्रसाद प्रात: 10 बजे 11–10–2026 दिन रविवार को गीता भवन भोला नाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली–110 032 में ग्रहण करें। सदस्य भण्डारे के दिन रविवार 11–10–2026 को भी अपना उपहार प्राप्त कर सकते है

कार्यक्रम

1. ईश वन्दना और हवन पूजा (प्रात 9:00 बजे कार्यालय में)
2. मुख्य अतिथि एवं प्रतिष्ठित अतिथियों का स्वागत ।
3. समिति के अध्यक्ष द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत एवं समिति की उपलब्धियों पर प्रकाश।
4. गत वार्षिक सभा एवं गत वर्ष में कार्यकारिणी समिति की बैठकों की कार्यवाही पर विचार एवं स्वीकृति।
5. वर्ष 2025-2026 की आडिट रिर्पोट पर विचार एवं स्वीकृति।
6. नये सदस्यों के प्रवेश तथा त्याग पत्रों की पुष्टि।
7. वर्ष 2025-2026 के चिटठे तथा आय व्यय खाते पर विचार तथा लाभ का वितरण।
8. नियम/उपनियम में संशोधन पर विचार विमर्श व स्वीकृतिं।
9. अन्य कार्य सभापति महोदय की आज्ञानुसार।

नोट : आपसे अनुरोध है इस पत्र को ध्यानपूर्वक अध्ययन करने का कष्ट करें जिससे आपको सोसायटी के कार्यो का महत्व तथा अपने उत्तरदायित्व की भली भाँति जानकारी हो जाए ।

धन्यवाद

(जे0 पी0 सिंह)
अवैतनिक अध्यक्ष